बांग्लादेशियों के फर्जी कागजात बनाने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार

भांकरोटा पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड बरामद किए

जयपुर (कासं)। भांकरोटा पुलिस ने एक बांग्लादेशी और फर्जी कागजात बनाने वाले उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड बरामद किए है। इस प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार के बताए अनुसार बांग्लादेशी नोजु फकीर (45) जयसिंहपुरा भांकरोटा निवासी और उसका सहयोगी फिरोज कुरैशी (40) सीकर हाउस चांदपोल बाजार निवासी को गिरफ्तार किया गया है। संदिग्ध बांग्लादेशी नोजु फकीर, जिसकी उम्र करीब 45 वर्ष है, उसका फर्जी आधार कार्ड बनाकर उम्र 18 वर्ष दिखाई गई है।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी नोजु फकीर के पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद किए है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि फर्जी आधार कार्ड बनाने में उसका दूसरा सहयोगी फिरोज कुरैशी और उसका भाई मोहम्मद आमिर उर्फ राजा उसकी मदद करते थे, जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि पूर्व में गिरफ्तार बांग्लादेशी सोहाग खान चेन्नई में दर्ज एक प्रकरण में फरार चल रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी सोहाग खान को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए 10 दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि बांग्लादेश निवासी नोजु फकीर ने फर्जी दस्तावेज फिरोज कुरैशी और उसके भाई मोहम्मद आमिर उर्फ राजा से बनवाए थे।

गौरतलब है कि भांकरोटा थाना पुलिस ने पूर्व में 20 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर 12 बांग्लादेशी और उनका सहयोग करने के आरोप में 6 जनों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस पूछताछ के बाद आरोपियों के पास से बांग्लादेश के डॉक्युमेंट बरामद किए गए थे। उसके अलावा आरोपियों के पास से भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड सहित अन्य कागजात बरामद किए थे। पुलिस ने फर्जी दस्तावेज और जगह उपलब्ध करवाने वाले सहयोगी सोहाग खान, उसकी पत्नी नसरीन खानम, बेटे मोबाइल खान, शबनम, शिबा खान और शबनूर को गिरफ्तार किया था। उसके अलावा भारतीय सहयोगी जयसिंहपुरा निवासी उस्मान खान को भी गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि उस्मान ने उन्हें यहां बुलाकर किराए पर जगह उपलब्ध करवाई थी और उसके बाद फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए थे।

भांकरोटा पुलिस ने एक बांग्लादेशी और फर्जी कागजात बनाने वाले सहयोगी को गिरफ्तार किया है।

- पुलिस ने पूर्व में 12 बांग्लादेशी और 6 सहयोगियों को दबोचा था

'दिवाली मंगल मिलन' मेले में उमड़ी भीड़

जयपुर । राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रवासी राजस्थानियों की सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था राजस्थान रत्नाकर द्वारा नई दिल्ली के नेताजी सुभाष प्लेस पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन, टीवी टावर और दिल्ली हॉट के पास स्थित मैदान में लगाये गये दिल्ली के सबसे बड़े दिवाली मंगल मिलन मेला के अंतिम दिन राजस्थान दिवस मनाया गया। इसमें उमड़ी भारी भीड़ के साथ रविवार देर रात मेला सम्पन्न हुआ।

संस्था के सांस्कृतिक प्रभारी पुष्पेन्द्र गोयल के मार्ग दर्शन में जाने माने कलाकार हरवंश और साथी कलाकारों ने मंच पर राजस्थान के लोकगीतों पर घुमर, गौरबंध, भवाई, चकरी , कठपुतली और कालबेलियाँ आदि नृत्य तथा अन्य सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई ।साथ ही राजस्थान के ऐतिहासिक प्रसंगों पर नृत्य नाटिकाएँ भी प्रस्तुत की जिसे देख कर दर्शक भाव विभोर हो गये। इसके साथ ही महिलाओं,युवाओं और बच्चों के लिए कई अन्य आकर्षक और ज्ञानवर्धक क्विज स्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया। मेला स्थल को सुंदर रंगौली और आकर्षक साज सज्जा से सजाया गया था। राजस्थान रत्नाकर के चेयरमैन राजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि इस दो दिवसीय वार्षिक दिवाली मिलन मेला में संस्था के स्वर्णिम 50 वर्षों के गोल्डन जुबली वर्ष के उपलक्ष्य में इसमें विशेष आकर्षणों को शामिल किया गया। मेले में इस बार अयोद्धा के राम लला, वृन्दावन के बांके बिहारी जी तथा सालासर हनुमान, रानी सती दादी माँ और कलंगी अवतार की सुंदर झाकियां ने भी दर्शकों का मन मोहा।

मजदूरी के पैसे नहीं मिले तो पानी की टंकी पर चढ़ा युवक

- सूचना पर मौके पर पहुंची जवाहर नगर पुलिस ने टंकी पर चढ़ मजदूर से समझाइश की और मौके पर ठेकेदार को बुलाकर दोनों के बीच सुलह करवाकर मजदूर को नीचे उतारा।

जयपुर । जवाहर नगर थाना इलाके में एक मजदूर को अपनी मजदूरी नहीं मिली तो परेशान होकर वो पानी की टंकी पर चढ़ गया और जोर जोर से चिल्लाने लगा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने टंकी पर चढ़ मजदूर से समझाईश की और मौके पर पैसे नहीं दे रहे ठेकेदार को बुलाया। जिसके बाद दोनो के बीच समझाईश कर मजदूर को नीचे उतारा गया। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

थानाधिकारी शेष नारायण के बताए अनुसार सोमवार दोपहर 4 बजे जवाहर नगर सेक्टर -4 पर एक मजदूर के पानी की टंकी पर चढे होने की सूचना मिली। जिसके पानी कि टंकी के पास स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम को मौके पर बुलाया। मजदूर के नीचे कूदने की आशंका को देखते हुए सिविल डिफेंस टीम ने मौके पर जाल बांधकर युवक से बातचीत शुरू की। बताया जा रहा है कि टीला नंबर -7 निवासी मुकेश बैरवा मकान बनाने का काम करता है । ठेकेदार ने उससे मकान बनवाया और मजदूरी के 5 लाख 78 हजार रुपए नहीं दिए। कई दिनों तक झांसा देने के बाद ठेकेदार ने पैसे देने से इनकार कर दिया। जिसके बाद मजबुरी में उसने पानी टंकी पर चढ़ने का फैसला कर लिया। पुलिस ने ठेकेदार को मौके पर बुलाया व सुलह करवाकर मामला शांत करवाया।

पेपर लीक का मास्टरमाइंड सुरेश ढाका भगौड़ा घोषित

जयपुर । उदयपुर के सुखेर व बेकरिया थाने में दर्ज वरिष्ठ अध्यापक भर्ती पेपर लीक गिरोह का मास्टर माइंड सुरेश ढाका को कोर्ट ने 37 एक्ट का वारंट जारी करने के बाद भगौड़ा घोषित कर दिया। कोर्ट ने पूर्व गिरोह के मास्टर माईंड सुरेश ढाका की संपति कुर्के की थी। लेकिन उसके बाद भी आरोपी का कुछ पता नहीं चला तो कोर्ट ने 37 एक्ट की कार्यवाही करने के पश्चात उसे भगौड़ा घोषित कर दिया। सुरेश ढाका के खिलाफ अब कोर्ट के आदेश से इश्तहार जारी किया जाएगा। गौरतलब है कि एसओजी की ओर से विशेष लोक अभियोजक भंवर सिंह चौहान ने कोर्ट में कहा कि पेपर लीक गिरोह का सरगना सुरेश ढाका के खिलाफ पूर्व में 37 एक्ट का वारंट जारी किया था। जिसके बाद पुलिस ने उसकी काफी तलाश की। लेकिन वो नहीं मिला। ऐसे में उसके भविष्य में मिलने की संभावना नहीं है। उसमें उसे भगौड़ा घोषित कर देना चाहिए। कोर्ट के आदेश के बाद सुरेश ढाका को भगौड़ा घोषित कर दिया गया। कोर्ट ने वरिष्ठ अध्यापक भर्ती पेपर लीक प्रकरण में फरार चल रहे सुरेश विश्नोई, प्रदीप खींचड़, जोगेंद्र सिंह, नेतराम कबबी को भगौड़ा घोषित किया है।

100 छात्र-छात्राओं ने देखी विधानसभा

जयपुर (कासं)। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि आज का युवा ही देश का भविष्य है। देवनानी सोमवार को यहां विधान सभा में खैरथल तिजारा के छात्र-छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम है। हमें राष्ट्र की सेवा के लिए अपने दायित्वों को समझकर और विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर दुनिया में भारत का नाम रोशन करना है। इस अवसर पर मौजूद विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से छात्र-छात्राओं और विप्र फाउण्डेशन के पदाधिकारिओं का परिचय कराया।

मातृभाषा में प्री-प्राइमरी शिक्षा जरूरी : कुणाल

स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत शिक्षक संघ एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की।

- शाला दर्पण पोर्टल को सरल बनाने और सरकारी स्कूलों में उपस्थिति मॉनिटरिंग में सुधार होगा

जयपुर । राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के शिक्षा संकुल परिसर में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत शिक्षक संघ एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ शिक्षा की दिशा और दशा पर व्यापक चर्चा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृष्ण कुणाल, शासन सचिव स्कूल शिक्षा ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मातृभाषा में प्री-प्राइमरी शिक्षा को आवश्यक बताया। उन्होंने बताया कि शिक्षा में बच्चों का हित सर्वोपरि है।

कुणाल ने कहा कि तीन से आठ साल के बच्चों के बौद्धिक, स्वास्थ्य और कौशल विकास के लिए उनकी मातृभाषा में प्री प्राइमरी शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए। इसके लिए एक आसान शब्दकोश तैयार किया जा रहा है जिससे बच्चों को स्थानीय भाषा में पढ़ने में सहायता मिलेगी। उन्होंने ड्रॉप आउट दर को कम करने के लिए प्री प्राइमरी शिक्षा को मजबूत बनाने और सरकारी विद्यालयों को सुदृढ करने पर जोर दिया।

शासन सचिव ने शाला दर्पण पोर्टल को सरल बनाने की बात कही जिससे राजकीय विद्यालयों में उपस्थिति मॉनिटरिंग और मूल्यांकन में सुधार होगा।

बैठक में शिक्षकों की ऑनलाइन ट्रेनिंग, नियमित दक्षता परीक्षा, पारदर्शी स्थानान्तरण नीति और विद्यालयों की सक्सेस रेटिंग पर विस्तृत चर्चा हुई। शिक्षा सचिव ने भविष्य में इन सुधारों को लागू करने का आश्वासन दिया। बैठक में माध्यमिक शिक्षा के निदेशक आशीष मोदी, प्रारंभिक शिक्षा के निदेशक सीताराम जाट के साथ शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मौजूद थे।

'राजस्थान में गाय को राज्य माता का दर्जा दिलाने के लिए महाराष्ट्र सरकार के निर्णय का अध्ययन करेंगे'

मंत्री जोराराम कुमावत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'गौ-तस्करों और गाय विरोधी लोगों के विरूद्ध राज्य सरकार कठोर कार्यवाही करेगी'

जयपुर (कासं)। पशुपालन एवं गौ-पालन मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि, राजस्थान सरकार गाय को राज्य माता का दर्जा दिलाने के लिए महाराष्ट्र सरकार के निर्णय का अध्ययन करेगी, जहां गाय को राज्य माता का दर्जा मिल चुका है। हमार विभाग महाराष्ट्र सरकार के संपर्क में है और वहां से नियम मंगाए जा रहे हैं।

उन्होंने साफ कहा कि, गौ-तस्करों और गाय विरोधी लोगों के विरूद्ध सरकार निश्चित रूप से कठोर कार्यवाही करेगी, इसमें किसी तरह की कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। जो भी गौशालाएं फर्जी तरीके से फायदा उठा रही है उन्हें भी बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गौवंश के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। गाय हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। गाय के गोबर से बहुत सारे उत्पाद बनने लगे हैं और आज इसकी व्यावसायिक उपयोगिता हो गई है। इसी तरह गौमूत्र कई तरह की बीमारियों में काम आती है।

कुमावत ने कहा कि पिछले कुछ सालों से समाज में गाय की उपेक्षा हो रही है। मशीनी युग आने से बैलों की उपयोगिता भी कम हो गई है। वर्तमान समय में कुछ गौवंश विभिन्न कारणों से असहाय स्थिति में सड़कों या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विचरते हैं। इन गौवंश के लिए आवारा शब्द का उपयोग सर्वथा अनुचित और अपमानजनक लगता है। यह हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के भी विपरीत है। एक ओर हम गाय को माता कहकर बुलाते हैं वहीं दूसरी ओर इस तरह के शब्द का प्रयोग करते हैं। अत: स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाले गौवंश को आवारा न कहकर निराश्रित-बेसहारा गौवंश कहने से न केवल गौवंश के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और करूणा प्रदर्शित होती है बल्कि समाज में इनके प्रति उचित दृष्टिकोण भी निर्मित होता है।

गौ-पालन मंत्री जोराराम कुमावत

कुमावत ने कहा कि गौवंश के लिए आवारा शब्द को बदलने के विषय पर विधान सभा में भी चर्चा हुई थी और यह घोषणा की गई थी कि जल्द ही इस शब्द को बदल दिया जाएगा। विभागीय स्तर पर कार्यवाही करते हुए इस आशय के आदेश निकाल दिए गए हैं कि किसी भी सरकारी कार्यालय में गौवंश के लिए आवारा शब्द नहीं लिखें। अब गायों को आवारा कहने की बजाय निराश्रित या बेसहारा कहा जाएगा।

उन्होंने बताया कि आदेश की कॉपी सभी जगह भिजवा दी गई है और यह निर्देश दिया गया है कि नीचे के स्तर तक इसकी पालना न केवल लिखित में बल्कि बोलचाल की भाषा में भी की जाए। उन्होंने प्रदेश के लोगों से अपील कि वे भी अपने बोलचाल की भाषा में ऐसे गौवंश के लिए सम्मानजनक शब्द का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि गायों का संरक्षण और संवर्द्धन हम सबका दायित्व है।

- पशुपालन एवं गौ-पालन मंत्री ने कहा कि, ''गायों को आवारा कहना हमारी सांस्कृतिक मूल्यों के विपरीत है। इसलिए स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाली गायों को प्रदेशवासी भी निराश्रित या बेसहारा कहें।''
- राज्य में संचालित गौशालाओं का सरकार 9 महीने का और नंदीशालाओं को 12 महीने का अनुदान देती है : कुमावत

उन्होंने बताया कि सरकार गौवंश के लिए बहुत संवेदनशीलता से काम कर रही है। सरकार ने कई योजनाएं चला रखी हैं। राज्य में संचालित गौशालाओं का सरकार 9 महीने का और नंदीशालाओं को 12 महीने का अनुदान देती है। इसके अलावा गौशाला में बीमार और अपंग पशुओं के लिए भी 12 महीने का अनुदान दिया जाता है। ज्यादा से ज्यादा गौशाला खोलने की दिशा में भी सरकार प्रयत्नशील है जिससे गायों को निराश्रित नहीं रहना पडे।

मंत्री जोराराम ने कहा कि हर पंचायत स्तर पर पशु आश्रय स्थल, पंचायत समिति स्तर पर नंदीशाला, जिला स्तर पर नंदीशाला योजना ऐसी ही योजनाएं हैं जो सरकार द्वारा वर्तमान में चलाई जा रही हैं। इस तरह साल में लगभग 1150 करोड़ रुपये राज्य सरकार गोशालाओं के विकास और गायों के अनुदान के लिए उपलब्ध करा रही है।

सार-समाचार

महेश नगर में दीपोत्सव का शुभारंभ

जयपुर । महेश नगर व्यापार मण्डल द्वारा दीपोत्सव 2024 के अवसर पर सजावट का उद्घाटन मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, जयपुर व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल ने किया। कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार बंसल ने बताया कि इस अवसर पर स्थानीय पार्षद ऊषा टाटीवाल, तारा बेनीवाल, जयपुर व्यापार महासंघ के मंत्री सुरेश सैनी तथा महेश नगर व्यापार मण्डल के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।

आरजेएस परीक्षा में सना की 176वीं रैंक

जयपुर । आरजेएस की परीक्षा में 176वीं रैंक सना चौहान ने हासिल कर अपने समाज का अपने परिवार का नाम रोशन किया। सना चौहान के पिता शौकत चौहान की 5 साल पहले ही मृत्यु हो गयी थी। सना ने घर की परिस्थितियों के विपरीत जाकर ये मुकाम हासिल किया है। सना चौहान समाज की लड़कीयों के लिए एक आइडियल बनीं। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के कार्यालय मंत्री उस्मान खां चौहान ने बुकें भेंट कर हौंसला अफजाई की। तेली पिंजारा (मंसुरी) समाज के लिए फख्र की बात है।

राष्ट्र एकता व सत्यनिष्ठा की शपथ ली

जयपुर । राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस के अधिकारियों व कार्मिकों ने राष्ट्रीय एकता दिवस व सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंड़ता और सत्यनिष्ठा की शपथ ली। आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने अधिकारियों व कार्मिकों को एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार मुक्त व सत्यनिष्ठा और ईमानदारी की शपथ दिलाई। इस साल की थीम सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि है। एमडी रणवीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय एकता व आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी देशवासियां को योगदान देने की आवश्यकता है वहीं जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों की पालना करनी होगी। उन्होंने कहा कि यह हमारे दिन-प्रतिदिन के जीवन का अंग बनना चाहिए। डिप्टी जनरल मैनेजर सीएनपी विवेक श्रीवास्तव ने इस अवसर पर जारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संदेश, सीएफओ दीप्तांशु पारीक ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, डीजीएम कोटा आनन्द आर्य ने प्रधानमंत्री श्री मोदी और डीजीएम विवेक रंजन ने सीवीसी के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर डीएमआईटी गगनदीप राजोरिया, रविशंकर अग्रवाल, पीआर प्रभारी राजेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। गौरतलब है कि समूचे देश में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया जा रहा है।

डेटा अपडेट के बाद होंगे पेंशन आवेदन

जयपुर । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशक बचनेश अग्रवाल ने कहा कि राज्य के 22 हजार से अधिक विशेष योग्यजनों के केंद्र सरकार के स्वावलंबन पोर्टल से जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र-यूडीआईडी कार्ड को दिव्यांगजन के जनआधार पोर्टल पर अपडेट करवाये जाने के बाद दिव्यांगजन सामाजिक सुरक्षा पेंशन व अन्य योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्वावलंबन पोर्टल से जनआधार पोर्टल पर दिव्यांगजनों के डेटा अपडेट की प्रकिया 25 अक्टूबर से आरम्भ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के जिन विशेष योग्यजनों ने केंद्र सरकार के स्वावलंबन पोर्टल से जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करवाया है। उन सभी विशेष योग्यजन व्यक्तियों को इस यूडीआईडी कार्ड को जनआधार में अपडेट करवाना है ताकि वे सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा राज्य सरकार की अन्य योजनाओं के लिए आवेदन के पात्र हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में 1 मार्च 2024 से दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल से जारी किये जा रहे हैं।

39 साल पहले दुष्कर्म के प्रयास पर सजा के आदेश में दखल से इनकार

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने 39 साल पहले नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में अभियुक्त को 33 साल पहले निचली अदालत से मिली पांच साल की सजा के आदेश में दखल से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त को कहा है कि वह बाकी की सजा भुगतने के लिए सरेंडर करे। अदालत ने कहा कि घटना को लेकर पीडिता के बयानों में कोई भी बदलाव नहीं आया है, चाहे बचाव पक्ष ने लंबी जिरह की हो। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश अभियुक्त की 32 साल पुरानी आपराधिक अपील को निस्तारित करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि साल 1985 में पांच साल की पीडिता के साथ अपराध घटित हुआ था और उसने 11 साल की उम्र के समय बयान दिए थे, लेकिन उसकी साक्ष्य में किसी तरह का बदलाव नहीं हुआ है।

ऐसे में अपीलार्थी मामले को झूठा बताने को लेकर पेश तथ्यों को साबित करने में असफल रहा है। अदालत ने कहा कि पीडिता के बयान को एफएसएल रिपोर्ट से जोडकर देखने पर जोर देते हुए कहा कि केवल पीडिता के दुष्कर्म का प्रयास करने के बारे में कुछ नहीं बताने पर ही घटना नहीं होने का निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

सिटी पैलेस में 25 श्रेणियों में दिए गए प्रतिष्ठित सवाई जयपुर अवॉर्ड्स

जयपुर (कासं)। हिज हाइनेस ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी ऑफ जयपुर की जयंती पर सोमवार शाम को सवाई जयपुर अवॉर्ड्स 2024 का आयोजन सिटी पैलेस के प्रीतम चौक में किया गया।

उप मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज परिवार की सदस्या दीया कुमारी, एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय के चेयरमैन हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, प्रिंसेस गौरवी कुमारी और धर्म गुरूओं के मंच पर आने के साथ ही कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। महाराजा सवाई मान सिंह (एमएसएमएस) द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा ये पुरस्कार मानवता की सेवा, हेरिटेज संरक्षण, चिकित्सा विज्ञान, परम्परागत शिल्प के क्षेत्र आदि सहित 25 विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए। इन पुरस्कारों के तहत 31 हजार रुपये नकद, शॉल, एक गंगा जली, प्रशस्ति पत्र और श्रीफल प्रदान किया गया।

इस वर्ष पहली बार पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, महानिदेशक, श्रीमती मुग्धा सिन्हा द्वारा द कल्चरल कॉन्टिनम: फ्रॉम बीइंग टू बिलॉन्गिंग विषय पर कीनोट एड्रेस भी दिया गया। उन्हें संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी कार्य के लिए राजा काकिल देव अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। इसके पश्चात, 17 राजपूताना राइफल्स (सवाई मान गार्ड्स) के कमांडिंग ऑफिसर, कर्नल देब चंदन दास और सूबेदार मेजर गुरदयाल सिंह ने बटालियन द्वारा एक ऑपरेशन के बाद लेदी गली पर कब्जे की एक पेंटिंग भेंट की। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए राजा दूल्हा राय अवॉर्ड मुस्कान फाउंडेशन को दिया गया। इसी प्रकार संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी कार्य के लिए राजा काकिल देव अवॉर्ड मुग्धा सिन्हा; मेडिसिन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए राजा पजवन देव अवॉर्ड (डॉ. एम.एल. स्वर्णकार); जयपुर के पारंपरिक शिल्प के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए राजा भगवंत दास अवॉर्ड गुलरुख सुल्ताना को दिया।

इसी प्रकार बहादुरी के लिए राजा मान सिंह प्रथम अवॉर्ड राइफलमैन मोहित राठौड़ (मरणोपरांत), सशस्त्र बलों में विशिष्ट सेवा के लिए मिर्जा राजा जय सिंह प्रथम अवॉर्ड से मेजर जनरल अनुज माथुर, (वीएसएम) को नवाजा गया। पारिस्थितिकी संतुलन एवं पर्यावरण में सुधार के लिए मिर्जा राजा राम सिंह प्रथम अवॉर्ड से डॉ. राजेंद्र सिंह; ट्रैवल एवं टूरिज्म विकास में उल्लेखनीय कार्य के लिए महाराजा विशन सिंह अवॉर्ड से बैनयन टूर्स; एस्ट्रोनॉमी एवं संबंधित विज्ञान के क्षेत्र में महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय अवॉर्ड से संदीप भट्टाचार्य; पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए महाराजा सवाई ईश्वरी सिंह अवॉर्ड से श्रीकांत त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार समाज सेवा और परोपकार के लिए महाराजा सवाई माधो सिंह प्रथम अवॉर्ड डी. बी. गुप्ता, साहित्य-शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए महाराजा सवाई प्रताप सिंह अवॉर्ड अंकुर मिश्रा; आर्ट पेंटिंग एवं स्कल्पचर के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए महाराजा सवाई जगत सिंह अवॉर्ड तरुण राज पंचाल; फोटोग्राफी के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए एचएच महाराजा सवाई राम सिंह द्वितीय अवॉर्ड टीकम चंद; थियेटर, फिल्म एवं टेलीविजन क्षेत्र सुब्बैया नल्लामुथु में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया। इसके अलावा भी कई पुरस्कार दिए गए।

हिज हाइनेस ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को सिटी पैलेस जयपुर में सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

28 आर.ए.एस. अधिकारियों का तबादला

जयपुर (कासं)। राज्य सरकार ने सोमवार को आदेश जारी कर 28 आर.ए.एस. अधिकारियों का तबादला किया है।

आदेश के मुताबिक गौरव बजाड़ को चिकित्सा शिक्षा विभाग में संयुक्त शासन सचिव, बिंदू करूणाकर को कार्मिक (क-3 शिकायत) में संयुक्त शासन सचिव के पद पर लगाया है। प्रभा गौतम को चितौड़गढ़ में अतिरिक्त कलेक्टर, हरीराम मीणा को धौलपुर अतिरिक्त कलेक्टर, डॉ. सुनीता पंकज को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर में रजिस्ट्रार, नरेन्द्र कुमार शर्मा को राजस्थान संस्कृत विवि. में रजिस्ट्रार, धारा सिंह मीणा को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद कम अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा) सवाई माधोपुर के पद पर लगाया है। इसी प्रकार सुनील पूनियां को खाद्य उपायुक्त जयपुर, नरेश सिंह तंवर को पंचायतीराज विभाग जयपुर में अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव, राजीव द्विवेदी को उपमहानिरीक्षक, पंजीयन व मुद्रांक उदयपुर वृत, मोहनलाल खटनावलिया को ब्यावर में अतिरिक्त कलेक्टर, संतोष कुमार गोयल को चिकित्सा शिक्षा विभाग जयपुर में विशेषाधिकारी, संजीव कुमार शर्मा को जयपुर विकास प्राधिकरण में उपायुक्त तथा अजय को फलौदी अतिरिक्त कलेक्टर के पद पर लगाया है।